सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा - तीन विषय - हिंदी **पाठ :- पाठ - १०(मूर्ख जुआन)**

कठिन शब्द

१. सुहावना

२. तरकीब

३. प्रतीक्षा

४. क्रोध

५ मुसीबत

६. बाज़ार

७. केकड़े

८. रसोईघर

९. सूखी

१०: मूर्खता

निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए ,

प्रश्न १(क)- माँ ने जुआन को क्यों पुकारा था?

उत्तर - माँ ने जुआन को बाज़ार से सामान मँगवाने के लिए पुकारा था।

प्रश्न २(ख)- जुआन दोस्तों के साथ क्यों नहीं खेलना चाहता था?

उत्तर ज्ञ- जुआन दोस्तों के साथ इसलिए नहीं खेलना चाहता था क्योंकि उसे माँ का सामान लेकर घर लौटना था।

प्रश्न (ग)- जुआन बाज़ार से खाली हाथ घर क्यों पहुँचा?

उत्तर - जुआन बाज़ार से खाली हाथ इसलिए आया था क्योंकि उसने नमक नदी के किनारे रख दिया और केकड़ों को रास्ते में छोड़ दिया था।

प्रश्न (घ) -माँ ने रसोईघर में जाकर धड़ाम से दरवाज़ा बंद क्यों कर लिया?

उत्तर - माँ ने रसोईघर का दरवाज़ा इसलिए धड़ाम से बंद कर लिया क्योंकि वह जुआन की मूर्खता से निराश व हताश हो गई थी ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) प्रतीक्षा - इंतजार

वाक्य - प्रतीक्षा का फल मीठा होता है ।

ख) सुहावना - अच्छा लगने वाला

वाक्य - जुआन के दोस्तों ने कहा कि देखो, कितना सुहावना मौसम है। आओ , खेलें।

ग) धमाचौकड़ी - उछल -कूद

वाक्य - छुट्टी के दिन बच्चे घर पर धमाचौकड़ी मचाते रहते हैं।

घ) क्रोध - गुस्सा

वाक्य - बिना वजह क्रोध करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है ।